क्वींसलैंड पार्क और वन्य जीव सेवा सुरक्षा सूचना: हिंदी (Hindi)

Bp2264. Photo: © Lauren Bath

डिंगो से अपने को बचाए रखें!

K'gari (Fraser आइलैंड)

विश्व धरोहर क्षेत्र, Great Sandy National Park

आइलैंड के पारंपरिक मालिक **Butchulla** लोग हैं। वे आइलैंड को **K'gari**, और जंगली डिंगो को **wongari** कहते हैं।

चेतावनी!

- K'gari पर wongari (डिंगो) जंगली जानवर हैं और उनकी हरकतों का अनुमान लगाना मुश्किल होता है।
- उन्हें खाना खिलाना या किसी भी तरह से परेशान करना गैर कानूनी है।
- वे खतरनाक हैं, खासकर जब लोग उन्हें जगह नहीं देते।
- वे आपको काट सकते हैं और गंभीर चोट पहुँचा सकते हैं।

अपनी सुरक्षा के लिए:

- wongari (डिंगो) को कभी भी खाने को न दें। उनके पास पर्याप्त जंगली भोजन है।
- बच्चों और किशोरों को अपने पास रखें।
- समूहों में चलें।
- दौड़ें या कूदें नहीं।
- जब भी संभव हो बाड़ वाले इलाके में कैंप लगाएँ।
- भोजन, पेय और कचरा बंद करके रखें - भोजन को कभी भी टेंट में न रखें।
- कभी भी भोजन, कचरा, मछली या चारा को बिना निगरानी के न छोड़ें।
- भोजन को कभी भी झीलों के किनारे न ले जाएँ।
- सुरक्षा के लिए छड़ी या छाता साथ में रखें।
- wongari (डिंगो) को खिलाने वाले लोगों की रिपोर्ट करें; उनकी फ़ोटो **dingo.ranger@des.qld.gov.au** पर भेजें।

अगर wongari (डिंगो) करीब आ जाते हैं और आपको खतरा महसूस होता है:

- शांत रहें।
- भागें नहीं; नहीं तो वे आपका पीछा करेंगे।
- अपनी पूरी ऊंचाई पर खड़े हो जाएँ।
- अपनी बाहों को अपने शरीर के पास रखें, और अपना मुँह हमेशा wongari (डिंगो) की तरफ रखें।
- शांति से पीछे हटते हुए किसी सुरक्षित क्षेत्र—जैसे किसी वाहन या बाड़ वाले इलाके में चले जाएँ।
- मदद के लिए आवाज़ दें।
- कोई घटना होने पर किसी राष्ट्रीय पार्क रेंजर को घटना के बारे में बताएँ। (फ़ोन: 4127 9150 या ईमेल: **dingo.ranger@des.qld.gov.au**)

यदि आपको चोट लगती है: तीन बार शून्य पर कॉल करें (000)

wongari (डिंगो) को कभी न खिलाएँ

बच्चों को अपने पास रखें

दूरी बनाए रखें—wongari (डिंगो) को जगह दें



wongari (डिंगो) के करीब आने पर दौड़ें नहीं

समूहों में चलें

बाड़ वाले इलाकों के बाहर न तो दौड़ें न जॉगिंग करें

Butchulla Aboriginal Corporation RNTBC

Queensland Government